

# अंग-बंग-कलिंग सब तरफ लहरा रहा भाजपा का झंडा

**भोपाल, 04 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न राज्यों में भाजपा व एनडीए को मिली प्रचंड विजय पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.**

झालमुड़ी एवं मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी कर विजय उत्सव मनाया गया. तत्पश्चात् पार्टी के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में आयोजित विजय उत्सव में प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संबोधन का श्रवण किया. विजय उत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग-बंग-कलिंग सब तरफ भाजपा का झंडा लहरा रहा है. प्रधानमंत्री की गारंटी देश की जनता के लिए सबसे बड़ा विश्वास बन चुकी है. पश्चिम बंगाल, असम, पुडुचेरी में भाजपा व एनडीए को मिला जनादेश साबित करता है अब चुनाव तुष्टिकरण और फेक मेनिफेस्टों से नहीं सुशासन के आधार पर जीते जाते हैं.



मुख्यमंत्री और खण्डेलवाल ने विधानसभा चुनावों में प्रचण्ड जीत पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्सव मनाया

> इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, तुलसीराम सिलावट, निर्मला भूरिया, चैतन्य कुमार काश्यप, राकेश शुक्ला, कृष्णा गौर, गौतम टेटवाल, नरेंद्र शिवाजी पटेल, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री व सांसद लता वानखेड़े, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हों विकास कार्य : शुक्ल



**भोपाल 4 मई, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में माँ शारदा लोक के प्रस्तावित समग्र विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण किए जाएँ।**

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए और परियोजना के माध्यम से स्थानीय नागरिकों की आर्थिक गतिविधियों को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समस्त कार्यों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर कार्यों को गति दी जाए। माँ शारदा लोक में मुख्य मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं का विस्तार, पार्किंग व्यवस्था, ग्रीन एरिया डेवलपमेंट, सोलर सिस्टम, वेस्ट मैनेजमेंट, पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम, धर्मशालाओं का विकास, आगमन सीढ़ियों एवं वापसी मार्ग का भीड़ के अनुसार वैज्ञानिक प्रबंधन, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण, सुदृढ़ सर्विलांस सिस्टम तथा आरामदायक वॉकिंग सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है। बैठक में दूल्हा देव मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं सेवाओं के उन्नयन, दूल्हा देव बावली के संरक्षण एवं पुनरुद्धार, तथा आल्हा-उदल तालाब एवं अखाड़ा परिसर के समग्र विकास पर भी चर्चा की गई। इसमें आल्हा-उदल के जीवन से जुड़ी घटनाओं का रोचक एवं आकर्षक प्रस्तुतीकरण किए जाने का प्रस्ताव शामिल है, जिससे यह स्थल श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए और अधिक आकर्षण का केंद्र बन सके।

> **सरसी रिसोर्ट को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने सेवाओं का करें विस्तार**
>
> उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि शहडोल स्थित सरसी रिसोर्ट को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक सेवाओं के विस्तार एवं उन्नयन का विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए। साथ ही, पुरवा फॉल क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए भी ठोस कार्ययोजना बनाकर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता, मध्यप्रदेश पर्यटन श्री दिलीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री एमपीटी श्री अमित तिवारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कंसल्टेंट उपस्थित रहे।



## पश्चिम बंगाल विजय राष्ट्रवाद की जीत

**भोपाल.** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली प्रचंड जीत को राष्ट्रवाद की निर्णायक विजय बताया है. उन्होंने कहा कि यह परिणाम सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि विचारधारा की जीत है जहां जनता ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा. डॉ. मिश्रा ने कहा कि बंगाल की जनता ने कठिन परिस्थितियों में भी लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था बनाए रखी और स्पष्ट जनादेश दिया. यह जनादेश बताता है कि अब देश का मतदाता विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दों पर निर्णय ले रहा है, न कि भ्रम और तुष्टिकरण की राजनीति पर. भारतीय जनता पार्टी की यह सफलता संगठन की ताकत, कार्यकर्ताओं की तपस्या और नेतृत्व की स्पष्ट नीति का परिणाम है.



# कौशल शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**भोपाल, 04 मई. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की उपस्थिति में सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के नवनियुक्त अध्यक्ष कौशल शर्मा ने पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया.**

तत्पश्चात उन्होंने संस्थान पहुंचकर विधि विधान से पूजन-अर्चन कर पदभार ग्रहण किया. महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि मैंने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर सेवा करने का संकल्प लिया है. मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कार्य करने का अवसर प्रदान किया. मैं महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की कार्यप्रणाली को समझकर मध्यप्रदेश के उन्नति के लिए कार्य करूंगा. उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्वपूर्ण केंद्र है.

> इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, विश्वास सारंग, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, मध्यप्रदेश महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया, सांसद माया नारालिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# किसानों के मुद्दों पर 7 मई को चक्काजाम

## मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा प्रदर्शन

**धार, 4 मई. जिले में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने 7 मई को मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करने का आह्वान किया है. इस दौरान कई जिलों के किसानों के जुटने की संभावना है.**

कांग्रेस के अनुसार फसलों का उचित मूल्य, कर्ज माफी और समर्थन मूल्य की गारंटी जैसी मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जाएगा. सुबह से शाम तक प्रस्तावित इस आंदोलन में धार, खरगोन और खंडवा जिलों के किसान शामिल होंगे.

आंदोलन की सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर सहित पुलिस अधिकारियों की टीम ने मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और बैरिकेडिंग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. बताया गया है कि चक्काजाम से एक दिन पूर्व जिले का पुलिस बल धामनोद के खलघाट क्षेत्र में तैनात किया जाएगा. प्रदर्शन में उमंग सिंघार, जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे.

## अवैध रेत परिवहन रोकने अपनाई नई तकनीक

**मुरैना.** चंबल क्षेत्र से अवैध रेत के परिवहन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग और पुलिस ने नई तकनीक अपनाई है. इसके तहत कीलों जड़ी प्लेटों का उपयोग कर ट्रैक्टर-ट्रालियों को रोका जा रहा है. अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों को रोकने के दौरान पहले रेत माफिया द्वारा वाहन चढ़ाकर हमला करने की घटनाएं सामने आती थीं.



# कीचड़ से लथपथ हुई देवरा तिराहा से अदाणी टाउनशीप मार्ग

> ▶ सीवरेज ठेकेदार ने सड़क को किया है तहस-नहस, बेमौसम बारिश का असर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 मई। ननि के वार्ड क्रमांक 42 देवरा तिराहा से अदाणी टाउनशीप गनियारी मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गई है। यहां बाईक, स्कूटी एवं पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बेमौसम बारिश के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। सीवरेज ठेकेदार ने 20 दिन पूर्व सड़क को खोदा था और अब सड़क मिट्टी में तब्दील हो गई है।**

दरअसल नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज ठेकेदार ने प्रमुख सड़को के साथ-साथ मोहल्लों एवं बस्तियों के सड़को को खोद कर तहस-नहस कर दिया है। आलम यह है कि नगरीय क्षेत्र सिंगरौली के अधिकांश सड़के सीवरेज एवं अमृत जल योजना पाइप लाइन की आड़ में ऐसी खोदाई की है कि इन दिनों चलने लायक भी नही है और आज हुई बेमौसम बारिश से सड़क कीचड़ में तब्दील होने के कारण पैदल एवं बाईक से चलना कठिन हो गया है। देवरा तिराहा से एस्सार टाउनशीप गनियारी विश्वकर्मा मोहल्ला मार्ग की दुर्दशा देखकर यहां के रहवासी नगर निगम एवं ठेकेदार को कोसने में कोई भी कोर कसर नही छोड़ रहा है। विश्वकर्मा मोहल्ला गनियारी के रहवासियों ने इस ओर निगमायुक्त का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।



## देवड़ा और गौतम टेटवाल ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद

**भोपाल, 04 मई.** मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया.

**पेज एक का शेष**

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम से निकले दूरगामी संदेश

जहां तक केरल परिणाम की बात है तो कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ने बहुमत हासिल कर जिस तरह से शानदार वापसी की है. उससे साफ है कि इन परिणामों का राष्ट्रीय राजनीति पर व्यापक और दूरगामी प्रभाव पना तय है.कर्नाटक और तेलंगाना के बाद केरल में जीत से दक्षिण भारत में कांग्रेस की पकड़ और मजबूत हुई है. यह जीत राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन यानी इंडिया गठबंधन के भीतर कांग्रेस के कद और दबदबे की शक्ति को बाएगी. जबकि त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के बाद अब केरल जैसे अंतिम ग में भी हार से वामपंथी दलों की राष्ट्रीय प्रासंगिकता पर सवाल ख? हो रहे हैं. माकपा के नेतृत्व वाले एलडीएफ की करारी हार ने राष्ट्रीय राजनीति में वामपंथ के सिमटते प्रभाव को दर्शाना आरंभ कर दिया है.

इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि केरल में कांग्रेस की जीत राहुल गांधी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक संजीवनी की तरह है, जो 2027 के उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए विपक्षी गठबंधन को नई ऊर्जा दे सकती है.

## श्रमिक हितों की रक्षा और संगठन मजबूती का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 4 मई। जयंत परियोजना कार्यालय में इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक का स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व यूथ प्रदेश अध्यक्ष लाल पुष्पराज सिंह ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सदस्य मौजूद रहे।**

कार्यक्रम की शुरुआत सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने इंटक के गठन के मूल उद्देश्य और उसके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इंटक ने देशभर में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान तथा कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाओं के लिए निरंतर संघर्ष किया है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। साथ ही श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर कार्य करने, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा श्रमिक एकता को मजबूती देने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की ताकत उसकी एकजुटता में निहित है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष लाल पुष्पराज सिंह ने सभी सदस्यों को उपहार स्वरूप घड़ी प्रदान करने की घोषणा की, जिससे कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर संयुक्त महामंत्री इन्द्रेश कुमार, जयंत परियोजना अध्यक्ष कौशल प्रसाद साहू, सचिव आरएन ओझा, प्रभारी उत्तम कुमार दुबे सहित कई प्रमुख पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।



# गुमशुदा 8 वर्षीय बालक 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद

**सीधी 4 मई,** पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में थाना कमर्जी पुलिस द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए गुमशुदा नाबालिग बालक को 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार फरियादी रामसिया यादव उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम गहिरा, थाना कमर्जी, जिला सीधी द्वारा थाना उपस्थित होकर दिनांक 02 मई 2026 को मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका 08 वर्षीय पुत्र देवांश यादव दिनांक 02 मई 2026 को समय लगभग 04 बजे शाम बकरी चराने घर से पश्चिम दिशा में गहिरा खाड़ी की ओर गया था, जो रात्रि 07 बजे तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों एवं ग्रामीणजनों द्वारा आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी बालक का कोई पता नहीं चलने के कारण संदेह व्यक्त किया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित कर बालक की तलाश प्रारंभ की गई। टीम द्वारा संभावित स्थानों पर सघन सर्चिंग, तकनीकी साधनों का उपयोग तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगातार प्रयास किए गए।


**नाम सुधार सूचना**

मै कल्लू पिता चुन्नू रवि पता अशिलेश आश्रम तह.रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. का होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं. मेरा ड्राईविंग लाइसेंस बना हुआ है जिसका नं. MP19N-20190093793 है जिसमें मेरा नाम KALLU RAVI दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम KALLU है जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है. अत: मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में दर्ज नाम KALLU RAVI के स्थान पर सही नाम KALLU दर्ज किया जाए जो सत्य एवं सही है.



**कार्यालय तहसीलदार तहसील कुसमी जिला सीधी (म.प्र.)**

//इश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गोतरा तहसील कुसमी जिला सीधी की आराजी खसरा क्रमांक 1387/1 रकवा 18.7400 हे. म.प्र. शासन (चारागाह) मद एवं खसरा क्रमांक 1387/2 रकवा 0.2500 हे. म.प्र. शासन (चारागाह) भूमि है। आवेदित भूमि ग्राम भारती संस्था सीधी, ग्राम गोतरा विकासखण्ड कुसमी के नाम आवंटित किये जाने का आवेदन विचारार्थ लिया गया है। उक्त आवंटन में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी (कम से कम 15 दिवस उपरांत) दिनांक 19/4/2026 के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाइन अथवा लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 4/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया हैं।

(नारायण सिंह)
तहसीलदार
तहसील कुसमी
जिला-सीधी (म.प्र.)


# पशु चोरी का त्वरित खुलासा : एक आरोपी गिरफ्तार, वाहन सहित मवेशी बरामद

## हेलमेट अनिवार्यता अभियान : एसपी ने जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सीधी 4 मई, प्रदेश स्तर पर दोपहिया वाहन चालकों हेतु हेलमेट धारण की अनिवार्यता को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा दिनांक 26 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।**

इसी क्रम में जिला सीधी में पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर से जनजागरूकता रथ को पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को हेलमेट धारण, यातायात नियमों के पालन तथा राजवीर योजना के संबंध में जागरूक करेगा।

**सड़क सुरक्षा पर विशेष फोकस-** प्रदेश में प्रतिवर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या दोपहिया वाहन चालकों की होती है, जिनमें अधिकांश मामलों में हेलमेट का उपयोग न करना गंभीर चोट एवं मृत्यु का प्रमुख कारण पाया गया है। ऐसे में हेलमेट न केवल कानूनी अनिवार्यता है, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन भी है।

**प्रवर्तन के साथ जागरूकता-**

अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जा रही है, साथ ही सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है। शैक्षणिक एवं कोचिंग संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अंत में पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे जिम्मेदार नागरिक बनते हुए यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित, व्यवस्थित यातायात व्यवस्था के निर्माण में सहयोग दें।

**पुलिस अधीक्षक का संदेश-**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कहा है कि हेलमेट पहनना नियम नहीं, सुरक्षा की गारंटी है। सभी नागरिक दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करें और यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।


**विंध्य कॉलेज ऑफ एजूकेशन कल्याणपुर शहडोल (म.प्र.)**

Pincode-484001, मो0 नं0-9340144495

समिति-विंध्य एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी सतना (म.प्र.)द्वारा संचालित NCTE से मान्यता प्राप्त और अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध महाविद्यालय हेतु परिनियम कॉलेज कोड 28 के अंतर्गत बी.एड. पाठ्यक्रम में नियुक्ति हेतु प्राचार्य / प्राध्यापको की निम्नानुसार आवश्यता है:-

| क्र. | पद | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 1 | UGC NET Qualify.Ph.D. 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड.या एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) |
| 2 | शिक्षक परीप्रेक्ष्य | 4 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड.या एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) |
| 3 | शिक्षक | 8 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड. या एम.ए. (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा भाषा) |
| 4 | स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षक | 1 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड.,या एम.ए. |
| 5 | ललित कला | 1 | 55% अंको के साथ ललित कला में स्नातकोत्तर व एम.एड.या एम.ए |
| 6 | निष्पादन कला संगीत/नृत्य/रंगमंच) | 1 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड. या एम.एम.ए. |

नोट- वेतनमान NCTE & UGC के नियामानुसार आवेदन के साथ वायोडाटा फोटो एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों सहित सात दिवस के अन्दर महाविद्यालय के पते पर या mail id -vce010shahdol@gmail.com पर भेजे।

सचिव
विंध्य एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी,सतना ( म.प्र. )



**विंध्य कॉलेज ऑफ एजूकेशन शेरगंज,सतना (म.प्र.)**

Pincode-485001, मो0 नं0-9425330028

समिति-विंध्य एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी सतना (म.प्र.)द्वारा संचालित NCTE से मान्यता प्राप्त और अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध महाविद्यालय हेतु परिनियम कॉलेज कोड 28 के अंतर्गत बी.एड. पाठ्यक्रम में नियुक्ति हेतु प्राचार्य / प्राध्यापको की निम्नानुसार आवश्यता है:-

| क्र. | पद | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षक परीप्रेक्ष्य | 4 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड. या एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) |
| 2 | शक्षक | 8 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड. या एम.ए. (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा भाषा) |
| 3 | स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षक | 1 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोतार या एम.एड.,या एम.ए. |
| 4 | ललित कला | 1 | 55% अंको के साथ ललित कला में स्नातकोत्तर व एम.एड.या एम.ए |
| 5 | ललित कला | 1 | 55% अंको के साथ ललित कला में स्नातकोत्तर व एम.एड.या एम.ए |
| 6 | निष्पादन कला संगीत/नृत्य/रंगमंच) | 1 | 55% अंको के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर व एम.एड. या एम.एम.ए. |

नोट- वेतनमान NCTE & UGC के नियामानुसार आवेदन के साथ वायोडाटा फोटो एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों सहित सात दिवस के अन्दर महाविद्यालय के पते पर या mail id -vce010@gmail.com/ps.parihar10@gmail.com पर भेजे।

सचिव
विंध्य एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी,सतना ( म.प्र. )